भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2699

दिनांक 04 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

राष्ट्रीय गोकुल मिशन

2699. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:

श्री अनुराग शर्माः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय गोकुल मिशन की शुरुआत से इसके क्रियान्वयन का वर्ष-वार ब्योरा क्या है तथा तमिलनाडु का अरानी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देशी नस्ल विकास केंद्रों, वीर्य केंद्रों, शामिल किए गए सांड़ों की संख्या और प्राप्त कृत्रिम गर्भाधान कवरेज का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान इस मिशन के तहत आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि कितनी है तथा तमिलनाडु सहित लाभान्वित किसानों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या दुग्ध उत्पादकता में सुधार, आनुवंशिक उन्नयन और देशी गोवंशीय नस्लों के संरक्षण का कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(घ) क्या असमान नस्ल कवरेज, बुनियादी ढांचे में कमियों और प्रशिक्षित कर्मियों की कमी जैसी चुनौतियों की सूचना मिली है, तथा इस पर सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ङ) देश में, विशेष रूप से तमिलनाडु में, देशी मवेशियों के संरक्षण को मजबूत करने, कृत्रिम गर्भाधान और उन्नत प्रजनन तकनीकों का विस्तार करने, कृत्रिम गर्भाधान नेटवर्क को बढ़ाने, ए आई नेटवर्क का विस्तार करने, डेयरी किसानों की आय में सुधार करने और डेयरी क्षेत्र की उत्पादकता व स्थिरता को बढ़ाने के लिए तथा संबद्ध क्षेत्र को सहायता देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(च) उक्त मिशन के तहत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और स्थापित किए गए गोकुल ग्रामों, वीर्य केंद्रों, इन-विट्रो निषेचन (आईवीएफ) प्रयोगशालाओं और अन्य प्रजनन संबंधी बुनियादी ढांचे की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(छ) उक्त मिशन के तहत संरक्षित और आनुवंशिक रूप से सुधारी गई देशी मवेशियों की नस्लों का ब्यौरा क्या है, और दुग्ध उत्पादकता में कितनी वृद्धि हासिल की गई है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (छ) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करने के लिए, भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) को देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, बोवाइन आबादी के आनुवंशिक उन्नयन और दूध उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए

कार्यान्वित कर रहा है। राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा अधिसूचित सभी देशी बोवाइन नस्लों को योजना के अंतर्गत कवर किया जाता है और बढ़ावा दिया जाता है। **RGM** योजना मांग-आधारित है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर दिशानिर्देशों के अनुसार विचार किया जाता है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, तमिलनाडु में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) योजना के अंतर्गत राज्य में डेयरी अवसंरचना के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 12,748.69 लाख रुपये की राशि जारी की गई है और उपयोग की गई है।

पशुपालन और डेयरी विभाग तथा राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) और अन्य उपायों के कार्यान्वयन से देश में दूध का उत्पादन वर्ष 2014-15 में 146 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 248 मिलियन टन हो गया है, जो कि 70% बढ़ोत्तरी है। देश में देशी और नॉन-डिस्क्रिप्ट गोपशुओं की उत्पादकता वर्ष 2014-15 में 2.54 किलोग्राम प्रति पशु प्रति दिन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 3.86 किलोग्राम प्रति पशु प्रति दिन हो गई है। इसी तरह, तमिलनाडु में कुल दूध उत्पादन वर्ष 2014-15 में 7.13 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 11.44 मिलियन टन हो गया है, जो 60% की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है और तमिलनाडु में देशी और नॉन-डिस्क्रिप्ट गोपशुओं की उत्पादकता वर्ष 2014-15 में 2.65 किलोग्राम प्रति पशु प्रति दिन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 3.28 किलोग्राम प्रति पशु प्रति दिन हो गई है, जो 24% की वृद्धि को दर्शाती है।

तमिलनाडु के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अरानी सहित देश में देशी नस्ल विकास केंद्रों की संख्या, सीमन केन्द्रों, शामिल किए गए सांडों और कृत्रिम गर्भाधान कवरेज की संख्या सहित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के कार्यान्वयन का राज्य-वार और वर्ष-वार वास्तविक और वित्तीय विवरण अनुबंध-**I** और **II** में दिया गया है।

***

अनुबंध- I

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत इनकी स्थापना के बाद से घटकों की वास्तविक प्रगति की राज्यवार स्थिति

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (NAIP)			गोकुल ग्राम (सं.)**	NKBC (सं.)**	IVF प्रयोगशालाएं (सं.)	सुद्रढ़ किए गए सीमनकेन्द्र (सं.)	सेक्स सार्टेड सीमन उत्पादन सुविधा (सं.)	PT और PS के अंतर्गत उत्पादित और शामिल किये गये सांड	BMF (सं.)
	किए गए AI	लाभान्वित किसान	कवर किये गए पशु							
आंध्र प्रदेश	16662394	3504156	8203236	1	-	2	3	-	330	19
अरुणाचल प्रदेश	5205	1936	4340	1	-	-	-	-	-	1
असम	2710817	1530171	1970306	-	-	1	1	-	-	-
बिहार	6487060	2916361	4480677	1	-	2	1	1	-	1
छत्तीसगढ़	3116701	1220970	2155508	1	-	1	-	-	-	-
गोवा	60938	9647	32861	-	-	-	-	-	-	-
गुजरात	10949195	3558814	6492837	1	-	3	6	5	1386	15
हरियाणा	969161	460194	648492	1	1	1	4	-	440	2
हिमाचल प्रदेश	3684021	1438345	2074134	1	-	1	2	-	5	-
जम्मू और कश्मीर	5294855	1719134	2650512	-	-	-	2	-	-	8
लद्दाख	11998	6967	8825	-	-	-	-	-	-	-
झारखंड	4390193	1978133	3048095	-	-	-	-	-	-	-
कर्नाटक	20809476	5583492	9658373	1	-	-	6	1	-	7
केरल	-	-	-	-	-	1	3	-	231	2
मध्य प्रदेश	12191966	5306427	9422560	1	1	1	1	1	-	4
महाराष्ट्र	9922984	4070347	6870636	2	-	3	4	2	49	30
मणिपुर	42379	18870	33334	-	-	-	-	-	-	-
मेघालय	98385	18361	56059	-	-	-	-	-	-	-
मिजोरम	14150	4020	9192	-	-	-	-	-	-	-
नागालैंड	61319	17359	43930	-	-	-	-	-	-	-

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (NAIP)			गोकुल ग्राम (सं.)**	NKBC (सं.)**	IVF प्रयोगशालाएं (सं.)	सुदृढ़ किए गए सीमनकेन्द्र (सं.)	सेक्स सार्टेड सीमन उत्पादन सुविधा (सं.)	PT और PS के अंतर्गत उत्पादित और शामिल किये गये सांड	BMF (सं.)
	किए गए AI	लाभान्वित किसान	कवर किये गए पशु							
ओड़िशा	7541385	3203775	5336851	-	-	-	-	-	-	-
पंजाब	1896192	636970	1195739	1	-	2	1	-	753	-
राजस्थान	9386440	4521078	6895797	-	-	-	2	1	419	8
सिक्किम	68124	38935	52377	-	-	-	-	-	-	-
तमिलनाडु*	10361313	2627102	5950048	-	-	2	5	2	523	3
तेलंगाना	5835871	1836972	4003930	1	-	1	2	-	-	11
त्रिपुरा	483281	246507	327673	-	-	-	-	-	-	-
उत्तर प्रदेश	27076230	8576897	16118759	3	-	1	1	1	586	7
उत्तराखंड	3012895	1143822	1702524	-	-	1	1	1	-	6
पश्चिम बंगाल	9607314	3632699	5723179	-	-	1	3	-	-	-
कुल	**172752242**	**59828461**	**105170784**	**16**	**2**	**24**	**48**	**15**	**4722**	**124**

नोट:

AI-कृत्रिम गर्भाधान, NKBC-राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्र, PT-संतति परीक्षण, PS-वंशावली चयन, BMF-नस्ल वृद्धि फार्म

* तमिलनाडु में NAIP के आंकड़ों में तिरुवन्नामलाई और विल्लुपुरम जिलों वाले तमिलनाडु के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अरानी में 21,98,851 एआई किए गए, 12,90,337 पशुओं को कवर किया गया और 6,44,133 किसान लाभान्वित हुए।

** वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक संशोधित और पुनर्संरेखित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत यह घटक बंद कर दिया गया है।

अनुबंध- II

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत राज्य-वार वर्ष-वार जारी और उपयोग की गई निधि

(लाख रु में)

राज्य का नाम	वर्ष 2021-22		वर्ष 2022-23		वर्ष 2023-24		वर्ष 2024-25		वर्ष 2025-26	
	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि
आंध्र प्रदेश	5652.39	5652.39	1546	1546	3538.38	3538.38	3184.16	3184.16	1500	1500
अरुणाचल प्रदेश	397.08	397.08	467.16	467.16	1965.31	1965.31	0	0	830.99	830.99
असम	227.97	227.97	3658.19	3658.19	723.25	723.25	2163.34	2163.34	1280.99	1280.99
बिहार	3076.14	3076.14	4928.63	4928.63	0.00	0.00	0	0	3000	3000
छत्तीसगढ़	841.65	841.65	402	402	0.00	0.00	0	0	609.69	609.69
गोवा	0.00	0.00	0	0	0.00	0.00	0	0	0	0
गुजरात	2735.31	2735.31	2222.82	2222.82	6542.58	4871.58	2071.85	2071.85	7669.24	7669.24
हरियाणा	1775.6	1775.6	1173.66	1173.66	0.00	0.00	0	0	885.25	885.25
हिमाचल प्रदेश	5586.58	5586.58	0	0	0.00	0	0	0	0	0
जम्मू और कश्मीर	1533.93	1533.93	2539.35	2539.35	0.00	0	6119.52	4706.28	1412.5	1412.5
लद्दाख	0	0	0	0	0.00	0.00	42	18.65	10.53	7.69
झारखंड	2244.53	2244.53	1500	1500	0.00	0	1500	1114.65	1385.35	1385.35
कर्नाटक	1996.46	1996.46	3562.48	3562.48	2651.31	2651.31	0	0	0	0
केरल	314	314	1284.12	1284.12	6546.27	6546.27	3697.74	3697.74	174.5	174.5
मध्य प्रदेश	6024.96	6024.96	9049.51	9049.51	4903	4903	0	0	1000	999.44
महाराष्ट्र	0	0	0	0	3261.5	3261.5	1444.56	844.25	600.31	600.31
मणिपुर	294.98	294.98	166.69	166.69	0.00	0.00	0	0	512.15	512.15
मेघालय	738.21	738.21	0	0	0.00	0.00	0	0	0	0
मिजोरम	154.11	154.11	138.69	138.69	847.37	847.37	0	0	74.21	74.21
नागालैंड	494.7	494.7	608.86	608.86	466.2	466.2	0	0	932.42	932.42

राज्य का नाम	वर्ष 2021-22		वर्ष 2022-23		वर्ष 2023-24		वर्ष 2024-25		वर्ष 2025-26	
	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि
ओड़िशा	3480.43	3480.43	1374.25	1374.25	0.00	0.00	1671.06	1671.06	895.54	895.54
पंजाब	0.00	0.00	232	232	0.00	0.00	0	0	697.88	697.88
पुदुचेरी	144.44	144.44	0.00	0.00	0.00	0.00	213.41	40.58	50.00	49.91
राजस्थान	2254.77	2254.77	250	250	250	250	0	0	1970.07	1970.07
सिक्किम	268.78	268.78	572.42	572.42	1097.87	1097.87	0	0	1393.98	1393.98
तमिलनाडु	2663	2663	3347	3347	10996.1	10996.1	0	0	1525.72	1525.72
तेलंगाना	2439.76	2439.76	0	0	3153.13	3153.13	0	0	995.18	995.18
त्रिपुरा	2524.17	2524.17	0	0	0.00	0.00	0	0	975	975
उत्तर प्रदेश	2941.36	2941.36	7671.25	7671.25	9642.18	9642.18	0	0	0	0
उत्तराखंड	2115.44	2115.44	1885.75	1885.75	6082	6082	0	0	576.36	576.36
पश्चिम बंगाल	1213.37	1213.37	2037.35	2037.35	6500	6500	0	0	1294.95	1294.95